

हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परमार्थ गंगा आरती में किया सहभाग

**संवाददाता** ऋषिकेश। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी परमार्थ निकेतन पधारे, उन्होंने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती से भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनन्द, सुबोध उनियाल, प्रसिद्ध भक्ति गायक कन्हैया मित्तल, रेणु बिष्ट, मेयर ऋषिकेश अनीता ममगाई पधारे। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि उत्तराखंड का सौभाग्य है कि हमारे पास कर्मठ और जमीनी स्तर के नेता है इसलिये हमारा उत्तराखंड सम्पूर्ण विश्व के पर्यटन और तीर्थाटन के मानचित्र पर उत्कृष्ट स्थान रखता है।

### आप की राखी बिड़ला ने कैंट विधानसभा में किया जनसंपर्क’

**संवाददाता** देहरादून।’ आम आदमी पार्टी दिल्ली की डिप्टी स्पीकर एवं विधायक राखी बिड़ला ने आज कैंट विधानसभा के पश्चिमी पटेल नगर में घर–घर जाकर जनसंपर्क किया एवं आम आदमी पार्टी के समर्थन में वोट अपील की। राखी बिड़ला के कैंट विधानसभा में पधारने पर आम आदमी कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। राखी बिरला ने पश्चिमी पटेल नगर के वाल्मीकि मंदिर में जाकर माथा टेका एवं जनसंपर्क कार्यक्रम की शुरुआत की।

### आचार संहिता को ठेंगा दिखते अधिकारी

**संवाददाता** देहरादून। प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाने हेतु 30 दिसम्बर को मुख्य सचिव द्वारा विभिन्न विभागों से बिन्दूवार कर्मचारियों के स्थानान्तरण के आदेश तय किये गये थे। परन्तु 7 जनवरी को शिक्षा विभाग व पशु पालन विभाग में मनमाने, नियम विरूद्व स्थानान्तरण हुए जबकि 8 जनवरी को आचार संहिता लागू होते हुऐ शिक्षा विभाग ने स्थानान्तरण पर रोक लगाते हुए जो कार्य मुक्त हुऐ उन्हे अपने मूल तैनाती पर वापस कर दिया गया।

### सभी बागियों को मनाने में कामयाब हुई कांग्रेस

**संवाददाता** देहरादून। जिले की सहसपुर विस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी आर्येंद्र शर्मा को टिकट के सभी दावेदारों का समर्थन मिला है। तीन कांग्रेसियों ने अपनेनामांकन वापस ले लिए है। एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में सभी ने कांग्रेस की जीत का सकंल्प लिया। इस सीट से आर्येंद्र के साथ ही लक्ष्मी अग्रवाल, गुलजार अहमद, राकेश नेगी, विनोद चौहान, अनीस अहमद, अकील अहमद और रमेश आजाद ही कांग्रेसी टिकट के दावेदार थे। लेकिन कांग्रेस ने आर्येंद्र को अपना प्रत्याशी घोषित किया था।

# नाम वापसी के आखिरी दिन रूठों को मनाने में लगी रही पार्टियां

**नाम वापसी**

■ शूरवीर सिंह सजवाण को प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष और चुनाव संचालन समिति का चेयरमैन बनाया

**संवाददाता**

देहरादून। कांग्रेस से बगावत के बाद निर्दलीय नामांकन करने वाले पूर्व कैबिनेट मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण को मनाने में संगठन कामयाब रहा है। कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव मोहन प्रकाश से वार्ता के बाद शूरवीर सिंह सजवाण ने नामांकन वापस ले लिया है। जिसके बाद उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी जयेंद्र रमोला को समर्थन दिया है। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से कांग्रेस प्रत्याशी रमोला के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए जुटने की अपील भी की है। संभावना जताई जा रही है कि शूरवीर सिंह सजवाण को प्रदेश संगठन में बड़ा पद मिल सकता है।

केंद्रीय संगठन की ओर से भेजे गए उत्तराखंड के वरिष्ठ पर्यवेक्षक मोहन प्रकाश और अपने समर्थकों के बीच में उन्होंने कांग्रेस



प्रत्याशी को समर्थन की घोषणा की। वरिष्ठ पर्यवेक्षक ने कहा कि केंद्रीय संगठन ने सजवाण को प्रदेश कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष और चुनाव संचालन समिति का को चेयरमैन बनाया है।

उत्तराखंड के चुनाव में 727 उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए जाने के बाद सोमवार को नाम वापसी हुई। नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। इसके बाद ही तय होगा कि 70 विधानसभा सीटों पर कितने उम्मीदवार अपना भाग्य आजमाएंगे।

**पौड़ी में पांच प्रत्याशियों ने लिया नाम वापसः** जनपद पौड़ी में पांच प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया है। इनमें से चार आम आदमी पार्टी के वैकल्पिक प्रत्याशी हैं। वहीं एक निर्दलीय प्रत्याशी का नाम शामिल है। विधानसभा कोटद्वार में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। भाजपा के बागी नेता धीरेंद्र चौहान ने नाम वापस नहीं लिया है। जिले की छह विधानसभा सीटों में अब 47 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं।

**रुद्रप्रयाग में दो विधानसभा सीटों पर कुल 25 प्रत्याशी मैदान में:** विधानसभा चुनाव में रुद्रप्रयाग जिले की दो विधानसभा सीटों पर कुल 25 प्रत्याशी मैदान में हैं। दोनों सीटों पर एक–एक प्रत्याशी ने अपना नाम वापस लिया है। विधानसभा चुनाव के लिए दोनों विधानसभा सीट पर राष्ट्रीय दलों के साथ निर्दलीय के रूप में 27 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था। केदारनाथ विस के रिटर्निंग अधिकारी जितेंद्र वर्मा ने बताया निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में माला तिवारी ने अपना नाम वापस ले लिया है। अब कुल 13 प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं।

इधर, रुद्रप्रयाग विस रिटर्निंग अधिकारी रुद्रप्रयाग अपर्णा ढौंडियाल ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी लक्ष्मी देवी ने अपना नाम वापस ले लिया है। अब कुल 12 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### टिहरी में पांच प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए

विधानसभा चुनाव के नाम वापसी के दिन टिहरी जिले की छह में से चार विधानसभा सीटों पर पांच प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए हैं। जबकि धनोल्टी और नरेंद्रनगर सीट पर किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। टिहरी, प्रतापनगर और घनसाली सीट पर आम आदमी पार्टी के वैकल्पिक प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए हैं। वहीं घनसाली सीट पर भाजपा को बड़ी सफलता मिली है। यहां भाजपा के बागी प्रत्याशी ने अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में नाम वापस लिया है।

# बीते 24 घंटे में राज्य में मिले 1200 नए मरीज

**कोरोना अपडेट**

■ दस कोरोना संक्रमितों की मौत, राज्य में 30790 सक्रिय मरीजों का चल रहा इलाज

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश में बीते 24 घंटे के भीतर 1200 नए संक्रमित मिले हैं, जबकि दस मरीजों की मौत हुई है। संक्रमितों की तुलना में ठीक होने वालों की संख्या ज्यादा है। फिलहाल राज्य में 30790 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है।

बीते 24 घंटे के भीतर देहरादून में 368 संक्रमित

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक सोमवार को को देहरादून में 368 संक्रमित मिले हैं। हरिद्वार में 160, नैनीताल में 210, पौड़ी में 34, ऊधमसिंह नगर में 211, अल्मोड़ा में 25, रुद्रप्रयाग में 35, उत्तरकाशी में 45, बागेश्वर में 17, चंपावत में 67, पिथौरागढ़ में 07, चमोली में 11 और टिहरी जिले में 10 संक्रमित मिले हैं। कोरोना की तीसरी लहर में अब तक 128 मरीजों की मौत हो चुकी है। जबकि संक्रमितों की तुलना में सोमवार को 2499 मरीज ठीक हुए हैं। राज्य में कुल संक्रमितों की संख्या 76301 हो गई है। इसमें 44391 स्वस्थ हो चुके हैं। प्रदेश की रिकवरी दर 58.18 प्रतिशत और सैंपल जांच के आधार पर संक्रमण दर 4.40 प्रतिशत दर्ज की गई है।

**चार डॉक्टर और एक कर्मचारी कोरोना संक्रमित**

रविवार को श्रीनगर बेस अस्पताल में आरटीपीसआर जांच के लिए सैंपल देने वाले 10 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। कोविड अस्पताल के पीआरओ अरुण बडोनी के अनुसार, संक्रमितों में मेडिकल कॉलेज के चार डॉक्टर और एक कर्मचारी भी शामिल हैं। सोमवार को कोविड अस्पताल में दो संक्रमित भर्ती कराए गए। वर्तमान में पांच संक्रमित अस्पताल में भर्ती हैं।

**संक्रमण के बीच राजाजी टाइगर रिजर्व पहुंचने लगे पर्यटकः** कोरोना से बेखौफ हजारों पर्यटक प्रतिदिन राजाजी टाइगर रिजर्व पहुंचने लगे हैं। टाइगर रिजर्व के अधिकारियों के अनुसार कोरोना संक्रमण के बीच बड़ी संख्या में पर्यटक राजाजी टाइगर रिजर्व आ रहे हैं। कोरोना संक्रमण बढ़ने पर राजाजी टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की संख्या में तेजी से कमी आई थी। बहरहाल एक माह बाद स्थितियां बदल गई हैं।

टाइगर रिजर्व के अखिलेश तिवारी का कहना है कि पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। रोजाना बड़ी संख्या में पर्यटक टाइगर रिजर्व पहुंच रहे हैं। कोरोना संक्रमण से बचाव के तमाम एहतियाती कदम उठाए गए हैं। पर्यटकों की थर्मल स्कैनिंग करने के साथ ही उनके हाथों को सैनिटाइज कराया जा रहा है।

### पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, कोरोनेशन में कार्य बहिष्कार समाप्त

**संवाददाता** देहरादून। राजकीय जिला अस्पताल के कोरोनेशन विंग में डॉक्टर–फार्मेसिस्ट से मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर सोमवार को डॉक्टरों की बैठक हुई। बैठक में सोमवार दोपहर 12 बजे से कोरोनेशन अस्पताल में ओपीडी कार्य बहिष्कार करने का फैसला लिया गया। वहीं इस दौरान चेतावनी गई कि अगर सोमवार शाम तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो मंगलवार से जिले भर के सरकारी अस्पतालों में सेवाओं का बहिष्कार किया जाएगा। जिसके बाद पुलिस द्वारा जानकारी दी गई कि उक्त मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस पर कोरोनेशन ओपीडी स्टाफ द्वारा किया जा रहा कार्यबहिष्कार वापस ले लिया गया है। अस्पताल के स्टाफ के वापस काम पर लौटने मरीजों और उनके तिमारदारों ने राहत की सांस ली है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।